कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-04.12.2024

विषय:- चोरी के मुकदमे से संबंधित वांछित अभियुक्त पिन्टू अग्रहरि को थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0392/24 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त पिन्टू अग्रहरि पुत्र मंशा राम अग्रहरि निवासी जगतुपुर बिल्टई थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकर नगर को आज दिनांक-04.12.2024 को समय करीब 10.05 बजे गोइठहा रिंग रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध मे थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक-08.11.2024 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.चंदन चौहान, 2.अमित मिश्रा, 3.अभिषेक सिंह, 4.विनोद कुमार चौबे, 5.शिवदास व 6.राकेश कुमार गुप्ता को (01 अदद ड्रम मय बिजली केबल, 01 अदद डीसीएम वाहन, 01 अदद हाइड्रा क्रेन-14 व कुल 1500/- रुपया नगद) के साथ थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

घटना का विवरण- दिनांक 05.11.24 को वादी मुकदमा ने अज्ञात चोरों द्वारा बावन बीघा के पास से एक प्रा0लि0 कम्पनी के 06 ड्रम केबल चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 मनीष कुमार चौधरी द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त पिन्टू अग्रहरि ने पूछताछ करने पर बताया कि चन्दन चौहान जो पूर्व में ही जेल जा चुका है, उसके द्वारा अपने साथियों के साथ जो केबल चोरी किया गया था उसको मेरे व मेरे भाइयों प्रिंसु अग्रहरी व रिंकू अग्रहरी के द्वारा दीपक विश्वकर्मा उर्फ रामसिंह जो पटना का रहने वाला है को बेचवाया गया था। पुलिस द्वारा पकड़े जाने के डर से आज मैं कही भागने की फिराक में था कि आप लोगों के द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

पिन्टू अग्रहरि पुत्र मंशा राम अग्रहरि निवासी जगतुपुर बिल्टई थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकर नगर, उम्र 23 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- गोइठहा रिंग रोड के पास से, दिनांक-04.12.2024 को समय करीब 10.05 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0392/24 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 विवेक कुमार पाठक थानाध्यक्ष थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 मनीष कुमार चौधरी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 विद्यासागर थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।